Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to start domestic flight service from Bhagalpur, Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर)ः बिहार राज्य के भागलपुर शहर को भारत सरकार के नागर विमानन विभाग द्वारा घरेलू विमान सेवा से जोड़ने के लिए अभी तक सूचीबद्ध नहीं किया गया है जबकि भागलपुर से काफी छोटे शहरों को इस सेवा से जोड़ने के लिए भारत सरकार ने बिहार राज्य सरकार के साथ एक मेमोरेंडम पर हस्ताक्षर कर समझौता किया है। भागलपुर एक विश्वविद्यालय पर्यटन स्थल भी है साथ ही भागलपुर रेशम नगरी के नाम से मशहूर है जहाँ देश के कोने-कोने से रेशम के व्यापार के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहता है जिन्हें आवागमन के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अतः भारत सरकार से मेरी माँग है कि जनहित में भागलपुर से घरेलू विमान सेवा को प्रारम्भ करने के लिए सकारात्मक कदम उठाने का कार्य करें।